अनुसूची 14 – फारम सं0 563

आदेश का क्रम संख्या और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कारवाई के बारे मे टिप्पणी, तारीख के साथ।
1	2	3

1

27 29.08.2023	न्यायालय उपायुक्त, रॉची विविध अपील वाद सं० 25 आर० 15/2020–21 गोन्दल महतो पिता स्व० रति महतो निवासी ग्राम उपरनगडु, थाना ओरमांझी, जिला रॉची .... अपीलकर्त्ता बनाम 1. मुनेश्वर महतो 2. धनेश्वर महतो दोनो पिता स्व० जयपाल महतो निवासी ग्राम उसारा, रामगढ़, जिला रामगढ़ .... उत्तरवादी आदेश प्रस्तुत अपील अपीलकर्त्ता ने विद्वान उप समाहर्त्ता भूमि सुधार सदर, रॉची के द्वारा विविध अपील वाद सं० 02/2012–13/टी० आर० 07/2013–14 मे दिनांक 19.07.2019 को पारित आदेश के विरूद्ध दायर किया गया है, जिसके अन्तर्गत विद्वान उपसमाहर्त्ता भूमि सुधार ने अपीलकर्त्ता के आवेदन को अस्वीकृत करते हुए उत्तरवादी के नाम से मौजा बनलोटवा के खाता सं० 30 रकबा 10.08 एकड़ भूमि की लम्बे अर्से से चली आ रही जमाबंदी को बहाल रखा गया। विगत तिथि को बार–बार पुकार करवाने के बावजूद अपीलकर्त्ता की ओर से इस अपील वाद मे अग्रेतर कार्रवाई हेतु कोई उपस्थित नही हुआ। अभिलेख के अवलोकन से विदित होता है कि अपलीकर्त्ता विगत कई तिथियों से इस अपील वाद मे उपस्थित नही हो रहे है। पुनः आज भी पुकार पर अनुपस्थित पाये गये। ऐसा प्रतीत होता है कि उन्हे अब इस अपील वाद के निष्पादन हेतु कोई अभिरूचि नही रह गया है। अतः	

आदेश का क्रम संख्या और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कारवाई के बारे मे टिप्पणी, तारीख के साथ।
1	2	3

	प्रस्तुत अपील वाद की कार्रवाई उचित पैरवी के अभाव मे समाप्त की जाती है। इस आदेश की प्रति लगान वाद उपसमाहर्त्ता, सदर, रॉची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित करे। उपायुक्त रॉची लेखापित एवं संशोधित उपायुक्त रॉची	

Digitally signed by RAHUL KUMAR SINHA
Date: 2023.11.23 01:56:57 -08:00
Location: 192.168.1.4